संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, राँची

पाठ 11 (काल)

विषय -हिंदी कक्षा - 6

प्रश्नों के उत्तर

प्रश्न- (क)काल की परिभाषा लिखिए ।

उत्तर - क्रिया के जिस रुप से कार्य के करने या होने के समय का बोध होता है, उसे **काल** कहा जाता है।

जैसे गौरव कल मुंबई आया था ।

गौरव कल मुंबई जाएगा

गौरव मुंबई जा रहा है।

प्रश्न-(ख) भूतकाल के उप भेदों के नाम लिखिए।

उत्तर - भूतकाल के 6 भेद होते हैं -

1. सामान्य भूतकाल
2. अपूर्ण भूतकाल
3. आसन्न भूतकाल
4. पूर्ण भूतकाल
5. संदिग्ध भूतकाल
6. हेतुहेतुमद् भूतकाल

प्रश्न- (ग) हेतुहेतुमद् भूतकाल और संभाव्य भविष्यत् काल में क्या अंतर है ?

उत्तर- हेतुहेतुमद् भूतकाल - क्रिया के जिस रुप से यह पता चले कि काम बीते समय में पूरा हो सकता था लेकिन किसी कारणवश वह कार्य पूरा नहीं हो सका उसे **हेतुहेतुमद् भूतकाल** कहा जाता है ।

जैसे रीता शायद पत्र पढ़ती ।

संभाव्य भविष्यत् काल - क्रिया के जिस रुप से आने .वाले समय में काम के घटित होने की संभावना का बोध हो रहा हो, उसे संभाव्य भविष्यत् काल कहा जाता है जैसे शायद दीपू कविता लिखें।

प्रश्न-2 **इन वाक्यों में क्रिया की पहचान भूतकाल, वर्तमान काल और भविष्यत् काल के रूप में कीजिए ।**

उत्तर (क) शायद मैं न खेल पाऊँ । **भविष्यत् काल**

(ख) जॉन कोलकाता चला गया। **भूतकाल**

(ग) गली के कुत्ते भौंक रहे हैं । **वर्तमान काल**

(घ) क्या तुम मेरे साथ चलोगे ? **भविष्यत काल**

(ड) हमारे सैनिक मोर्चे पर डटे हैं। **वर्तमान काल**

(च) आप खा चुके थे । **भूतकाल**

(छ) मैं सेमिनार में भाग नहीं ले सकूँगा । **भविष्यत काल**

(ज) मारिया भी वहाँ जा सकती है । **वर्तमान काल**

(झ) वे मुझे प्यार से समझा रहे थे । **भूतकाल**

(ञ) अब मैं सब कुछ जान चुका हूँ ।   **भूतकाल**

प्रश्न 3-इन वाक्यों में प्रयुक्त रंगीन क्रियाओं के काल के (उपभेद) लिखिए

उत्तर- (क) रोशन लाल ने हमें गणित **पढ़ाया था** | **पूर्ण भूतकाल**

(ख)वह आपको **पढ़ेगा** | **सामान्य भविष्यत काल**

(ग)रागिनी मेला **घूमने गई है** | **सामान्य वर्तमान काल**

(घ)शायद शबनम भी बाजार **जाए**| **सामान्य भविष्यत काल**

(ड)बेसन होता तो मां पकौड़ी **बना देती** | **हेतुहेतुमद् भूतकाल**

प्रश्न 4- 'पीटना' क्रिया के तीन कालों के समान रुप में वाक्य बनाइए

उत्तर- (क)सामान्य भूतकाल   **उसने दरवाजा पीटा**

(ख)सामान्य वर्तमान काल   **वह दरवाजा पीटता है**

(ग)सामान भविष्यत काल   **वह दरवाजा पीटेगा**

प्रश्न 5-सही उत्तर

उत्तर- (क)इन वाक्यों में क्रिया अपूर्ण भूतकाल में है -   **गौतमी सो रही थी** |

(ख) **'वह गाना गाएगा'** इस वाक्य में क्रिया किस काल में है -   **सामान्य भविष्यत काल**

(ग) **'पक्षी उड़ रहे हैं'** इस बात में संदेश भूतकाल में इस प्रकार लिखा जाएगा - **पक्षी उड़ चुके होंगे**

(घ) क्रिया का यह रूप वर्तमान काल में प्रयुक्त होता है -   **पढ़ा रहा है**